# श्रीमंत झा ने रजत पदक जीता

## चर्चा में क्यों?

भारत के शीर्ष रैंक वाले पैरा-आर्म पहलवान **श्रीमंत झा ने नॉर्वे** में आयोजित **पैरा-आर्म कुश्ती कप 2025** में **रजत पदक** जीता है।

## मुख्य बिंदु:

- उन्होंने **+85 किग्रा वर्ग की प्रतिस्पर्द्धा में पोलैंड के मार्सिन कपलकिी को हराकर** पोडियम पर अपना स्थान सुरक्षित किया। **नॉर्वे के जॉन फ्रेवकि ने स्वर्ण** पदक जीता।
- **उपलब्धियाँ और रैंकिंग:**
  - श्रीमंत झा की इस नवीनतम जीत से उनके अंतरराष्ट्रीय पदकों की संख्या **52 हो गई है।**
  - **उन्होंने उज्बेकिस्तान** में वर्ष **2024 में होने वाली एशिया पैरा-आर्म कुश्ती चैंपियनशिप** में **स्वर्ण पदक** और **सितंबर 2023** में [कज़ाकिस्तान](https://www.drishtiias.com) में **होने वाली पैरा-आर्म कुश्ती विश्व चैंपियनशिप** में **कांस्य पदक** जीता।

## पैरा आर्म रेसलिंग:

- **पैरा आर्म रेसलिंग** एक **प्रतिस्पर्द्धी खेल है, जो विशेष रूप से शारीरिक विकलांगता** वाले एथलीटों के लिये विकसित किया गया है।
- **एशिया पैरा-आर्म कुश्ती कप:** यह विभिन्न देशों में आयोजित होने वाला एक ऐसा प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है, जिसमें एशिया भर के शीर्ष पैरा-आर्म पहलवान खिताब और मान्यता के लिये प्रतिस्पर्द्धा करने के लिये एक साथ आते हैं।
- भारत ने वर्ष **2024 में एशिया आर्म रेस्लिंग चैंपियनशिप की मेज़बानी की।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/srimanth-jha-won-silver-medal-in-para-arm-wrestling-cup-2025